1	2	3	4	5
		2. समन्वित ग्रामीण स्वच्छता एवं जल सप्लाई परियोजना –2	डेनमार्क	47.67 लाख जनसंख्या
10.	उत्तर प्रदेश	1. उत्तर प्रदेश–4 पाइप द्वारा जल सप्लाई	नीदरलैंड	3.84 लाख जनसंख्या
		2. उत्तर प्रदेश–6	,,	18.65 लाख जनसंख्या
		3. उत्तर प्रदेश–8	,,	26.01 लाख जनसंख्या

आदिवासी क्षेत्रों और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जाना

8284. श्री अजीत जोगी : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मध्य प्रदेश सरकार की ओर से घनी आबादी वाले आदिवासी क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या सरकार ने देश के आदिवासी क्षेत्रों तथा दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के संबंध में कोई मास्टर योजना या कोई अन्य योजना तैयार की है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई पटेल) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों का विषय राज्य का है और राज्य ही ग्रामीण सड़कों से संबंधित अपने कार्यक्रम तैयार करते हैं और उनको कार्यान्वित करते हैं।

ग्रामीण विकास की नई योजनाएं

8285. श्री अजीत जोगी :
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वर्ष 1995–96 के दौरान कुछ नई ग्रामीण विकास योजनाएं शुरू करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई पटेल) (क) और (ख) वर्ष 1995–96 के दौरान अभी

तक नई ग्रामीण विकास योजना शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है । तथापि, देश में चल रहे ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को कार्यान्वित किया जाता रहेगा ।

समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना की समीक्षा

8286. श्री अजीत जोगी :
श्री प्रेमचन्द गुप्ता :

क्या ग्रामीण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान कार्यान्वित समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना की कोई समीक्षा की गई है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) यदि संगत मामलों में बैंकों द्वारा समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत ऋण-राशि देने की प्रणाली में सुधार हेतु राज्यों द्वारा यदि कोई सुझाव दिए गए हैं, तो इनका ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई पटेल) : (क) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना के कार्यान्वयन को कारगर बनाने और उसमें सुधार करने के लिए मंत्रालय द्वारा इन कार्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा की गई है । मंत्रालय ने विभिन्न ख्याति प्राप्त/स्वतंत्र अनुसंधान संस्थाओं/संगठनों की सहायता से सभी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को कवर करते हुए समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना का समवर्ती मूल्यांकन भी करवाया था । इन मूल्यांकन अध्ययनों के निष्कर्षों के आधार पर इन कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक उपचारी उपाय किए जाते हैं । जवाहर रोजगार योजना का समवर्ती मूल्यांकन जनवरी-दिसम्बर, 1992 तथा हाल ही में जून, 1993, मई 1994 के दौरान करवाया गया । इसी प्रकार समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम का समवर्ती मूल्यांकन सितम्बर, 1992–अगस्त, 1993 के दौरान करवाया गया था ।

(ग) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय अंश की निधियां जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों को सीधे ही रिलीज की जाती हैं । ऋण आवेदनों की जांच के उपरान्त व्यक्तियों को बैंकों द्वारा ऋण संस्वीकृत किया जाता है तथा सबसिडी सरकार द्वारा दी जाती है । जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा पोषित किए जाने वाला कोई ऋण घटक नहीं है ।

DWCRA Programime

8287. SHRI V. RAJESHWAS. RAO:
DR. SHRIKANT RAMCHAN-DRA JICHKAR: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of districts presently covered under the DWCRA (Development of Women and Oiildreo in Rural Areas) Programme;

(b) the names of such districts in Maharashtra and Andhra Pradesh;

(c) the details of achievements in these districts under this programme; and

(d) the steps being taken to expand this programme?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT) (SHRI UTTAMBHAI PATEL): (a) From the year 1994-95 all the 492 rural districts nf the country are covered under-